# झांसी में दो हजार करोड़ रुपये निवेश करेगी स्वीडन की कंपनी

झांसी। स्वीडन की कंपनी 'साब एबी' डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में यूनिट स्थापित करने के लिए दो हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके लिए कंपनी का प्रदेश सरकार से करार हो गया है।

**प्रदेश सरकार से हुआ करार, डिफेंस कॉरिडोर में स्थापित होगी यूनिट**

फरवरी में लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले झांसी में एक लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। ज्यादातर कंपनियों की ओर से एमओयू भी साइन किए जा चुके हैं। इसी में स्वीडन की कंपनी साब एबी ने भी सरकार से करार किया है। 86 साल पुरानी यह कंपनी रक्षा उत्पाद बनाने का काम करती है। अब यह कंपनी डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में अपनी यूनिट स्थापित करने जा रही है। यहां कंपनी 2000 करोड़ का निवेश कर अपनी यूनिट स्थापित करेगी। इसके लिए कंपनी की ओर से एमओयू साइन भी किया जा चुका है। यहां कंपनी सेना के लिए हल्की तोपें व मिसाइलों का निर्माण करेगी।

बता दें कि डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में यूपीडा द्वारा 1034 हेक्टेअर जमीन ली जा चुकी है। यह जमीन झांसी की गरौठा तहसील के एरच में स्थित है। इस क्षेत्र को अब सीधा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जोड़े जाने की तैयारी है। सबसे पहले यहां रक्षा मंत्रालय के उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने 400 करोड़ के निवेश से अपनी यूनिट स्थापना की घोषणा की थी। 19 नवंबर 2021 को झांसी आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीडीएल की इकाई का शिलान्यास किया था। मौके पर जल्द काम शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। उद्योग उपायुक्त मनीष चौधरी ने बताया कि स्वीडन की कंपनी साब एबी झांसी में 2000 करोड़ रुपये का निवेश कर अपनी यूनिट की स्थापना करेगी। इसके लिए कंपनी की ओर से एमओयू साइन किया जा चुका है। कंपनी यहां हल्की तोपें व मिसाइलें बनाएगी। ब्यूरो